पत्र संख्या–वि0व0संग्रह–ब्याज माफी योजना–2021/2021–22/ 485 /वाणिज्य कर,

प्रेषक,

ज्वाइंट कमिश्नर (संग्रह) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

सेवा में,

ज्वाइंट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

(संग्रह अनुभाग) लखनऊ ::दिनांक 06 सितम्बर, 2021

महोदय,

जैसा कि आप अवगत हैं शासन से जारी ब्याज माफी योजना–2021 दिनांक 02–09–2021 को समाप्त हो रही है, जिसकी आनलाइन व्यवस्था आपके अनुभाग द्वारा व्यवहरित की जा रही है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या 479 दिनांक 02/09/2021 के बिन्दु –2 में कर निर्धारण अधिकारियों के लॉगिन आई0डी0 पर योजना के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु अंतिम तिथि त्रुटिवश दिनांक 06/09/2021 अंकित हो गयी थी, उक्त तिथि को संबंधित शासनादेश संख्या 238/11–2–2021–9(21)/2003 दिनांक 03–03–2021 के प्रस्तर (xi) के अनुसार दिनांक **08/09/2021 पढा व लिखा समझा जाए।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त **संशोधित दिनांक 08/09/2021** को दृष्टिगत रखते हुए अपने स्तर से यथोचित कार्यवाही करवायें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

भवदीया,

(ज्योति भौंत)
ज्वाइंट कमिश्नर (संग्रह),वाणिज्य कर,
मुख्यालय,लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त ।

प्रतिलिपि–1 समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त कार्यवाही के संबंध में अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

2–असिस्टेन्ट कमिश्नर (मनोरंजन कर), जवाहर भवन मुख्यालय, लखनऊ।

06/09/2021

ज्वाइंट कमिश्नर (संग्रह),वाणिज्य कर,
मुख्यालय,लखनऊ।